कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई
जोन क्र– 01 नेहरू नगर

क्र./लो.क.वि./जोन.क. 1/2023/1827 भिलाई, दिनांक 22/2/23

//रुचि की अभिव्यक्ति //

रूचि की अभिव्यक्ति के तहत नगर पालिक निगम भिलाई के जोन–01 नेहरू नगर अंतर्गत **सुलभ शौचालय में फ्लैक्स, साईन बोर्ड एवं विज्ञापन लगाने का कार्य** हेतु अधिक ऑफर के आधार पर इच्छुक संस्थाये/ए.जी.ओ., समूह व एजेंसी का रजिस्ट्रेशन से 01 वर्ष हेतु रुचि की अभिव्यक्ति ऑफर सूचना आमंत्रित की जाती है।

आफरदाता को चार लिफाफा पद्धति में प्रस्ताव देना होगा, लिफाफा 'अ' में निर्धारित अमानत राशि रू. 2000.00 (प्रत्येक शौचालय के लिये अलग–अलग) का एफ.डी. आर. (किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक) जोन आयुक्त जोन–01 नगर पालिक निगम भिलाई के नाम से जमा करना एवं लिफाफा 'ब' में एन.जी.ओ., समूह व एजेंसी का रजिस्ट्रेशन, व्यक्ति का पहचान पत्र व पता संबंधी दस्तावेज, स्वयं हस्ताक्षर का होना अनिवार्य एवं लिफाफा 'स' में 01 वर्ष के लिए अनुमानित राशि व लिफाफा 'द' में भरकर स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

प्राप्त ऑफर दिनांक **13.03.2023** को 5:30 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में वित्तीय ऑफर आमन्त्रित कर दिनांक **14.03.2023** को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। दर को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई के पास सुरक्षित रहेगा। (नियम शर्तें. निगम के वेबसाइट www. bhilainagarnigam.com में देखी जा सकती है।)

22/2/23

जोन आयुक्त
(जोन–01)
नगर पालिक निगम,
भिलाई

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई
जोन–01 नेहरू नगर अनुविभाग

नगर पालिक निगम जोन–01 क्षेत्रांतर्गत स्थित विभिन्न **सुलभ शौचालय** स्थापित है, जिसमें फ्लैक्स लगाये/विज्ञापन कार्य हेतु अधिक ऑफर के आधार पर इच्छुक संस्थाये/एन.जी.ओ., समूह व एजेंसी का रजिस्ट्रेशन से रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत ऑफर आमंत्रित अंतर्गत नियम एवं शर्ते निम्नानुसार है।

1. आफरदाता को चार लिफाफा पद्धति में प्रस्ताव देना होगा, लिफाफा 'अ' में निर्धारित अमानत राशि रू. 2000.00 का एफ.डी.आर. (प्रत्येक शौचालय के लिये अलग–अलग) जोन आयुक्त जोन–01 नगर पालिक निगम भिलाई के नाम से जमा करना एवं लिफाफा 'ब' में एन.जी.ओ., समूह व एजेंसी का रजिस्ट्रेशन, व्यक्ति का पहचान पत्र व पता संबंधी दस्तावेज, स्वयं हस्ताक्षर का होना अनिवार्य एवं लिफाफा 'स' में 01 वर्ष के लिए अनुमानित राशि व लिफाफा 'द' में भरकर प्रस्तुत करना होगा।
2. ऑफर दाताओं से अपेक्षा की जाती है कि दर निर्धारण करने के पूर्व संबंधित सुलभ शौचालयों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लेवें।
3. विज्ञापन की दरे प्रतिवर्ग फीट 3 रूपये प्रतिदिन रहेगी।
4. आफरदाता को प्राप्त दर की स्वीकृति होने की सूचना प्राप्ति के 07 दिनों के भीतर इकरारनामा करना होगा। इकरारनाम न करने की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा ऑफर निरस्त किया जा कर अमानत राशि राजसात की जावेगी जिसमी स्मपूर्ण जवाबदारी आफरदाता की होगी। अनुबंध करने पश्चात जारी कार्यादेश के 07 दिवस अन्दर विषयांकित कार्य प्रारंभ करना होगा।
5. उल्लेखित सुलभ शौचालयों का संपूर्ण स्वामित्व नगर पालिक निगम भिलाई का होगा।
6. सुलभ शौचालयों की देख–रेख, साफ–सफाई, संधारण एवं सौन्दर्यीकरण आदि कार्य ऑफर दाता को स्वयं के व्यय से करना होगा।
7. सुलभ शौचालयों में किसी तरह के नये कार्य, सौन्दर्यीकरण कार्य करने के पूर्व निगम से योजना प्रस्तुत कर पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी।
8. सुलभ शौचालयों की परिसीमा में कोई परिवर्तन नही किया जा सकेगा।
9. सुलभ शौचालयों में विद्युत व्यय का वटन ऑफर दाता द्वारा किया जावेगा।
10. संधारण कार्य पर हुये व्यय आदि की मांग किये जाने पर मान्य नहीं होगा।
11. उल्लेखित कार्य में नगर पालिक निगम भिलाई का दिशा निर्देश, नियम एवं शर्ते संबंधित को मान्य होगा।
12. उक्त सुलभ शौचालयों में आफरदाता कोई स्थायी निर्माण नही करेगा।
13. सुलभ शौचालयों पूर्णतः सार्वजनिक होगा जिसका उपयोग सार्वजनिक रूप से किया जावेगा।
14. कार्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की दुर्घटना,जनधन की हानि की जिम्मेदारी स्वयं ऑफर दाता की होगी।
15. सुलभ शौचालयों में किसी भी प्रकार की असमाजिक गतिविधि तथा कोई नशा इत्यादि वर्जित होगा एवं उपरोक्त किसी भी प्रकार की गतिविधि की स्थिति में आफरदाता की जिम्मेदारी होगी।
16. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

जोन आयुक्त
जोन–01
नगर पालिक निगम,
भिलाई

Scanned with OKEN Scanner